अन्तर्गत पंजीकृत है और जिनका कानूनी दर्जा है, स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र है। आवेदन देने के समय, संगठन अपने सम्बन्धित क्षेत्र में पंजीकृत संगठन के रूप में कम के कम तीन वर्षों से कार्यरत हो। आवेदन गैर-सरकारी संगठन के पास पर्याप्त अवसंरचना, संबंधित क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता, सुविधाओं, संसाधनों, अनुभव सहित अच्छी वित्तीय स्थिति तथा परियोजना चलाने के लिए प्रशासनिक क्षमता होनी चाहिए।

(ग) पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश से प्राप्त तीन प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया गया है तथा छः प्रस्तावों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रस्तावों को अनुमोदित करना इस बात पर निर्भर करता है कि स्कीम के तहत अपेक्षाओं को कितने समय में पूरा किया जाना है।

विवरण

	राज्य	स्वीकृत 1996-97	परियोजनाएं 1997-98
1.	आन्ध्र प्रदेश	-	4
2.	बिहार	1	-
3.	गुजरात	1	-
4.	हरियाणा	-	1
5.	कर्नाटक	1	-
6.	केरल	1	-
7.	मणिपुर	1	-
8.	मध्य प्रदेश	1	-
9.	महाराष्ट्र	-	1
10.	त्रिपुर	-	1
11.	उत्तर प्रदेश	1	2
12.	पश्चिम बंगाल	-	1

200th Death Anniversary of Tipu Sultan

4243. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have any plans to commemorate the 200th anniversary of the death of Tipu Sultan, falling in 1999.

(b) if not, whether Government will consider to commemorate the death anniversary and constitute a Committee; and

(c) if riot, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) Not yet Sir.

(b) and (c) The Government has yet not considered the issue of observance of 200th death anniversary of Tipu Sultan.

दलित वर्गों के लड़कों को शिक्षा देना

4244. **श्री रामगोपाल यादव**:

श्री इश दत्त यादव:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात के मद्देनजर कि आजकल सामान्य शिक्षा, रोजगारीन्मुखी शिक्षा, विशेषकर तकनीकी शिक्षा काफी महंगी हो गई है, सामान्य, निम्न और दलित वर्गों के परिवारों के लड़कों को उनकी रूचि के अनूसार शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, और